संख्या:84/2023/134/35-4-2023/001-35-4099/40/2022

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आगरा।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 13 फरवरी, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में जनपद आगरा के विधानसभा क्षेत्र-फतेहपुर सीकरी की तहसील-किरावली में ब्लॉक-अछनेरा के ग्राम अभेदोपुरा में राजकीय आई0टी0आई0 का भवन निर्माण कार्य की त्वरित आर्थिक विकास योजना से शासनादेश संख्या-01/2021/01/35-4-2021, दिनांक 04 जनवरी,2021 द्वारा स्वीकृति निर्गत करते हुए भवन निर्माण कार्य की अनुमोदित लागत रू. 1200.75 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त में रू. 300.18 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। तत्पश्चात शासनादेश सं0-249/2021/2031/35-4-2021, दिं0 24 नवम्बर, 2021 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू. 300.18 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी। तदोपरान्त मिट्टी की लागत को सम्मिलित करते हुए शासनादेश सं0-155/2022/521/35-4-2022/001-35-4099/40/2022 दिनांक 07 जून, 2022 के साथ पठित शासनादेश सं0-170/2022/582/35-4-2022/001-35-4099/40/2022 दिनांक 15 जून, 2022 द्वारा कार्य की लागत रू. 1231.87 लाख पर पुनरीक्षित किया गया। तत्पश्चात पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष शासनादेश सं0-179/2022/606/35-4-2022/001-35-4099/40/2022 दिनांक 17 जून, 2022 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू. 307.97 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा पत्रांक-826/अर्थ एवं संख्या/त्व0आ0वि0यो0/2021-23 दिनांक 13.01.2023 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु उक्त शासनादेशों से पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण धनराशि का उपभोग होना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेशों से पूर्व में अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए चतुर्थ किश्त के रूप में अनुमन्य रू.261.95 लाख (रूपये दो करोड़ इकसठ लाख पन्चानबे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

कार्य का नाम	**अनुमोदित लागत**	**पूर्व मे अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
जनपद आगरा के विधानसभा क्षेत्र-फतेहपुर सीकरी की तहसील-किरावली में ब्लॉक-अछनेरा के ग्राम अभेदोपुरा में राजकीय आई0टी0आई0 का भवन निर्माण कार्य	1200.75	908.33	261.95

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 04 जनवरी, 2021, दिनांक 24 नवम्बर, 2021 एवं दिनांक 17 जून, 2022 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 2,61,95,000 (रूपये दो करोड़ इकसठ लाख पन्चानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 4250002030302 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के भवन निर्माण के चालू कार्य-24 वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:84/2023/134(1)/35-4-2023/001-35-4099/40/2022 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 ।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल।
8- निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ।
9- प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
10- मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
11-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आगरा।
12-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी , आगरा।
14- अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खण्ड ,लोक निर्माण विभाग , आगरा।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।